नामांकन की अंतिम तिथि कल

कोटपूतली। जिला निर्वाचन अधिकारी अपर्णा गुप्ता ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत कलेक्ट्रेट परिसर कोटपूतली में जिला परिषद की सभी 27 सीटों पर सदस्य पद हेतु अभ्यर्थी 16 अक्टूबर तक प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक (सार्वजनिक अवकाश को छोडकर) नामांकन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले की समस्त पंचायत समितियों (कोटपूतली, पावटा, विराटनगर, बानसूर, नारायणपुर, मेड-कुंडला, बहरोड़, नीमराना) के अंतर्गत जिला परिषद सदस्य पद की सभी 27 सीटों पर नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी द्वितीय एवं तृतीय चरण के निर्वाचन को लेकर किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति में न रहें तथा निर्धारित समय-सीमा में अपना नामांकन पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। 16 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे के बाद नामांकन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन की प्रक्रिया को राज्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप पूर्ण कराया जावे।

चौमूं व गोविन्दगढ़ के विभिन्न वार्डों में प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालयों का शुभारंभ

चौमूं / कालाडेरा । भारतीय जनता पार्टी चौमूं द्वारा बुधवार को जिला परिषद एवं पंचायत समिति वार्डों के प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालयों का विधिवत एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा तथा चुनाव प्रभारी महेंद्र यादव सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने पंचायत समिति चौमूं के वार्ड 16 से प्रत्याशी प्रकाश हाटवाल, जिला परिषद वार्ड 4 से प्रत्याशी लक्ष्मण कुमार शर्मा, वार्ड 5 से प्रत्याशी मोती देवी (धर्मपत्नी रामकरण शेरावत), वार्ड 1 से प्रत्याशी किरण देवी (धर्मपत्नी राजेंद्र देवंदा), वार्ड 7 से प्रत्याशी जयप्रकाश चौधरी तथा वार्ड 6 से प्रत्याशी संतोष देवी के चुनाव कार्यालयों का फीता काटकर उद्घाटन किया।

विधायक रामलाल शर्मा ने चौमूं व गोविन्दगढ़ क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्रत्याशियों के चुनाव कार्यालयों का विधिवत शुभारंभ किया।

रामलाल शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार नगर निकाय चुनावों में आमजन ने भाजपा पर विश्वास जताया था, ठीक उसी प्रकार इस बार भी पंचायत समिति चौमूं और गोविंदगढ़ में भाजपा प्रत्याशियों की जीत की सुनामी आएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सर्वसम्मति से टिकटों का वितरण किया है, जिससे संगठन में पूरी तरह एकजुटता और उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ता पूरी

> ■ 'निकाय चुनावों की तरह पंचायत समिति व जिला परिषद में भी भाजपा की जीत की सुनामी आएगी'

मेहनत और समर्पण के साथ पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाने में जुटे हैं। कांग्रेस पर साधा निशाना: "कांग्रेस के पास प्रत्याशी तक नहीं" कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए रामलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अपनी नाकामी छुपाने के लिए केवल "वोट चोरी" का झूठा आलाप गा रही है।

कार्यक्रम के दौरान चुनाव प्रभारी महेन्द्र यादव ने भी कार्यकर्ताओं और आमजन को संबोधित करते हुए भाजपा के सभी प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस अवसर पर कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष लालचंद यादव, गोविन्दगढ मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, बांसा मण्डल अध्यक्ष शंकर लाल गागोरिया, प्रधान रामस्वरूप यादव, उप प्रधान कमला चौधरी, उप सभापति बाबूलाल सैनी, कालाडेरा चेयरमैन उर्मिला कुमावत, दिनेश गोरा, श्रीराम शर्मा, रामगोपाल मीणा, अर्चना कुमावत, गौरीशंकर नेतड, अर्जुन लाल यादव, अनाथूराम जाट, अशोक शर्मा, जितेन्द्र बुनकर, भगवान कुमावत, जगदीश यादव, रमेश कुमावत, महेश शेरावत, अशोक गोरा, गजेन्द्र यादव, आलोक जांगिड़, बाबूलाल यादव, मातादीन अग्रवाल, अमित सैनी, नरोत्तम शर्मा, जमन सैनी, घासीराम सैनी, कन्हैया लाल मीणा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निवाई में पंचायतराज के चुनाव को लेकर कांग्रेस के वार्ड पर्यवेक्षक नियुक्त

निवाई। पंचायत राज के चुनाव को लेकर पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा निर्देशानुसार शहर अध्यक्ष सतीश कुमार शर्मा ने पंचायत समिति सदस्य चुनाव 2026 पर्यवेक्षक नियुक्त किए है। उन्होंने बताया कि वार्ड नम्बर 1 में दुर्गालाल सैनी, रामअवतार मीणा व इरसाद, 2 में बनवारीलाल गंगवाल, गुलाब मीणा व पांचूराम बैरवा, 3 में सुमेरसिंह, सीताराम कटारा व शैतान मीणा, 4 में सतीशकुमार शर्मा, अजय मधुकर व रामू गुर्जर, 5 में तनीषा सैनी, राजेशदास स्वामी व भंवरलाल शर्मा, 6 में पप्पूलाल मीणा, छीतरमल गंगवाल व रमेशचन्द शर्मा जयसिंहपुरा, 7 में राजेश पारीक, रामभजन गुर्जर व सीताराम नारेडा, 8 में विजय शर्मा, रामअवतार सैनी व गंगाधर मीणा, 9 में प्रदीप पारीक, आरिफ कुरेशी व बद्री फागणा, 10 में महेन्द्र मेठवानी, गौरव अग्रवाल व बनवारी दहलोद, 11 में महावीरप्रसाद पराणा, राजूलाल माली व किशन मीणा, 12 में कन्हैयालाल संगत, चन्द्रपाल मीणा व प्रभु चौधरी, 13 में अजहर कुरेशी, रमेश जांगिड़ व अनिल टेलर, 14 में दयाराम चौधरी, रामअवतार व गंगाधर गुर्जर, 15 में हंसराज मीणा, अंकित पारीक व बसराम गुर्जर, 16 में नसीर अहमद, 21 में पवन सांवलिया, शाहरूख खान व केदार धाबाई, 22 में सीताराम मीणा, कमल जैन व श्रीराम मीणा बरथल, 23 में रामप्रसाद परिडवाल, विनोद वर्मा व रामेश्वर गुर्जर, 24 में बाबूलाल माछलपुरिया, विकास बोकण व बाबूलाल मीणा, 25 में विक्रम गुर्जर, कैलाश मीणा व कजोड़ गुर्जर हरभांवता, 26 में देवालाल गुर्जर झिलाय, महेश नकवाल व राधेश्याम जाट बहड़, 27 में निर्भयराम मीणा, मुबारक मणिहार व आशीष मीणा, 28 में रघुनन्दन बैरवा, कमलेश सैनी व हनुमान चौधरी दहलोद व वार्ड नम्बर 29 में हरपाल कसाणा, प्रहलाद सैनी व केसरलाल जाबडोलिया को नियुक्त किया है।

पावटा में पार्षद कांसोटिया ने पट्टे जारी करने सहित कई मांगें उठाईं

पावटा। पावटा प्रागपुरा नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा की साधारण सभा की बैठक में वार्ड संख्या 22 के पार्षद रिंकू कांसोटिया ने वार्ड की वर्षों पुरानी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए पालिका अध्यक्ष मीना सैनी को मांग पत्र सौंपा।

उन्होंने श्याम कॉलोनी और भरतदास कॉलोनी के निवासियों को पट्टे जारी करने सहित सड़क निर्माण, सफाई व्यवस्था, कचरा संग्रहण वाहनों की संख्या बढ़ाने और रोड लाइटों को सुचारू करने की मांग रखी। पार्षद रिंकू कांसोटिया ने बताया कि श्याम कॉलोनी और भरतदास कॉलोनी पिछले 50-55 वर्षों से आबाद हैं, लेकिन यहां के निवासियों को आज तक पट्टों का लाभ नहीं मिल पाया है।

श्याम कॉलोनी और भरतदास कॉलोनी के निवासियों को पट्टों जारी करने का मांग पत्र पालिका अध्यक्ष को सौंपा ।

इस समस्या को लेकर कई बार उपखंड अधिकारी (एसडीएम) और नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को अवगत करवाया जा चुका है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पालिका अध्यक्ष से मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने और पात्र परिवारों को पट्टे दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की मांग की। इसके साथ ही पार्षद ने नवोदय कट से नगरपालिका तक सड़क निर्माण की आवश्यकता उठाई। उन्होंने पूरे वार्ड में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, वार्ड का क्षेत्रफल अधिक होने के कारण कचरा संग्रहण वाहनों की संख्या बढ़ाने तथा बंद पड़ी रोड लाइटों को दुरुस्त करवाकर नियमित रूप से चालू रखने की मांग की।

पार्षद ने कहा कि वार्डवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता होनी चाहिए। वर्षों से लंबित पट्टों की समस्या का समाधान करने के साथ सड़क, सफाई और प्रकाश व्यवस्था में सुधार किया जाना आवश्यक है, ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने पालिका प्रशासन से सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाने की मांग की।

सैन मंदिर विकास समिति के चुनाव संपन्न

कोटपूतली। क्षेत्र में समाज हित और धार्मिक कार्यों को गति देने के उद्देश्य से श्री सैन मंदिर विकास प्रबंधक एवं समाज उत्थान रजि. समिति के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुये। बैठक में समाज के प्रबुद्धजनों ने एकजुटता का परिचय देते हुए भामाशाह उदमीराम सैन को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना। परगना प्रधान रामकिशन सैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। श्री नारायणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश सैन ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व समिति का कार्यकाल पूर्ण होने पर नई टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें अध्यक्ष उदमीराम सैन, सचिव राकेश खड़ब, कोषाध्यक्ष हवलदार बनवारी लाल सैन को चुना गया हैं। समाज के वरिष्ठ नागरिकों व युवाओं ने नवनियुक्त अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त अध्यक्ष उदमीराम सैन ने कहा कि समाज ने जिस अटूट विष्वास के साथ मुझे यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, मैं उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूँगा।

फुलेरा में पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा की संगठनात्मक बैठक

फुलेरा। पूर्व विधायक आवास, फैक्ट्री एरिया फुलेरा में बुधवार को आगामी जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों के संदर्भ में भाजपा कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक पूर्व विधायक निर्मल कुमावत के सानिध्य एवं जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर की अध्यक्षता में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए

> ■ विधायक निर्मल कुमावत ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों में आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में कार्य करने का आव्हान किया।

जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर एवं पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों में आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लेने की अपील की।

फुलेरा में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस अवसर पर चुनाव प्रभारी वर्धमान काला, जिला परिषद सदस्य राजेश गुर्जर, राजेंद्र बड़ीवाल, पिंटू कंवर एवं शिवप्रसाद यादव सहित पंचायत समिति सदस्य प्रधान गुर्जर, हीरा देवी, कन्नू देवी, मंदराज गुर्जर, दशरथ सिंह, लालचंद वर्मा, अमरचंद कुमावत, रेखा देवी, मनोज यादव, जुगल किशोर कुमावत, कुंदन मल मीणा, राहुल कुमार, बलराम चूला, सुनीता कुमावत, मंजू देवी, पूजा कंवर एवं उषा देवी मौजूद रहे। बैठक में मंडल अध्यक्ष श्रीराम गुर्जर सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किशनगढ़बास में दिपावली पर सफाई व रोशनी से पहले अवैध कब्जे हटेंगे

किशनगढ़बास। दीपावली से पहले हर कोई अपने घर, दुकान और ऑफिस को चमकाने में लगा है। कहीं रंग-रोगन चल रहा है तो कहीं साफ-सफाई का दौर चल रहा है। उधर स्वास्थ्य और खाद्य विभाग मिठाई से लेकर होटल-रेस्टोरेंट तक की जांच में जुटा है, ताकि त्योहार पर मिलावट का अंधेरा न छा सके। ऐसे में शहर की सड़कें और बाजार अगर अतिक्रमण से बदरंग दिखें यह भी लाजमी नहीं। इसी को लेकर नगर पालिका ने भी दीपावली से पहले शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए दो मोर्चों पर काम शुरू कर दिया है।

> ■ पालिका का शहर में घूमा रिक्शा, चेतावनी के बाद शहर में कार्रवाई को लेकर अटकलों का दौर शुरू

नगर पालिका ने अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान का बिगुल फूंक दिया है। बुधवार को शहर में मुनादी वाला रिक्शा घुमा दिया गया है और लाउडस्पीकर से आम सूचना देते हुए सख्त चेतावनी दी गई। अपना अवैध निर्माण, थड़ी-ठेला, सामान और अतिक्रमण खुद हटा लें, नहीं तो नगर पालिका हटाएगी और हटाने का खर्च भी अतिक्रमणकर्ता से ही वसूलेगी।

वैसे इससे ठीक दो दिन पहले ही नगर पालिका में दीपावली की तैयारियों को लेकर बड़ी कवायद हो चुकी है। अध्यक्ष विश्वास यादव और अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा की अध्यक्षता में प्रथम बोर्ड बैठक आयोजित कर पार्षदों से सीधा संवाद किया गया। बैठक में तय किया गया कि दीपावली पर शहर की सफाई व्यवस्था और रोशनी व्यवस्था को लेकर कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

बैठक में पूरे शहर को वार्ड-वार बांटकर सफाई का खाका तैयार किया गया है। नालियों की सफाई, कचरा निस्तारण, मुख्य बाजारों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाने के साथ ही शहर को रोशनी से जगमग करने के लिए खराब स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने और नए पॉइंट्स पर लाइट लगाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्डों की समस्याएं सामने रखीं। अब रिक्शे की मुनादी और बोर्ड बैठक के बाद शहर में चर्चा का बाजार गर्म है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या यह सिर्फ दीपावली से पहले की औपचारिकता है या वाकई कुछ बदलेगा।

खण्डार के चार पेट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण

सवाई माधोपुर । जिले में पेट्रोल पम्पों पर ईंधन की सही मात्रा में आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा निर्धारित नियमों की पालना की जांच के लिए संयुक्त जांच दल ने खण्डार क्षेत्र के चार पेट्रोल पम्पों का आकस्मिक निरीक्षण किया। यह कार्रवाई बाट एवं माप प्रवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के तहत जिले के विधिक माप विज्ञान अधिकारी, जिला रसद अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

निरीक्षण के दौरान खण्डार स्थित पदमा देवी किसान सेवा केन्द्र एवं मैसर्स गुरुकृपा सर्विस सेन्टर तथा बालेर क्षेत्र स्थित त्रिवेणी फिलिंग स्टेशन एवं मैसर्स मातेश्वरी किसान सेवा केन्द्र की जांच की गई। जांच दल ने सभी पेट्रोल पम्पों पर मुद्रांकित पांच लीटर के मापयंत्र की सहायता से पेट्रोल एवं डीजल की डिलीवरी की जांच की, ताकि उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही पेट्रोल पम्पों के दैनिक बिक्री रजिस्टर, विधिक माप विज्ञान विभाग से प्रमाणित कैलिब्रेशन एवं सत्यापन रिपोर्ट, हाइड्रोमीटर व थर्मामीटर की सत्यापन रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई।

> ■ पेट्रोल पम्पों के दैनिक बिक्री रजिस्टर, कैलिब्रेशन एवं सत्यापन रिपोर्ट, हाइड्रोमीटर व थर्मामीटर की सत्यापन रिपोर्ट की जांच

टीम ने टैंक की डिप रीडिंग के माध्यम से ईंधन के स्टॉक का भौतिक सत्यापन भी किया। इसके अतिरिक्त पेट्रोल पम्पों के विस्फोटक लाइसेंस सहित आवश्यक अनुमतियों एवं संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की गई।

जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने बताया कि जिले में पेट्रोल पम्पों के निरीक्षण की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ईंधन की निर्धारित मात्रा में आपूर्ति, माप उपकरणों की वैधता तथा संबंधित नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए विभागीय स्तर पर नियमित निगरानी की जा रही है।

तिजारा में 18 किलो दूषित रसगुल्ले, एक्सपायरी कोल्डड्रिंक की बोतलें नष्ट कराईं

किशनगढ़ बास। खैरथल में कार्रवाई के बाद बुधवार को तिजारा में मिलावटखोरों के खिलाफ न्यायपालिका के नेतृत्व में बड़ा अभियान चलाया गया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के दिशा-निर्देश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र व्यास के आदेशानुसार एवं सचिव अजीत कुड़ी के मार्गदर्शन में मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने तथा स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त निरीक्षण कर कार्रवाई की गई।

अजीत कुड़ी के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न मिठाई की दुकानों का औचक निरीक्षण किया, जिससे दुकानदारों में हड़कम्प मच गया।

टीम ने अलवर रोड स्थित अंगना राम बबली सैनी की मिठाई की दुकान से रसगुल्ला, कलाकंद, गुलाब जामुन, लड्डू, मलाई चाप एवं कलर के नमूने लिए गए। 18 किलोग्राम दूषित रसगुल्लों को नष्ट कराया। इसके बाद विकास पथ स्थित सैनी स्वीट्स कॉर्नर का निरीक्षण किया गया। यहां 12 लीटर एक्सपायरी डेट का ड्यू माउंटेन पेय पदार्थ नष्ट कराया गया। साथ ही बर्फ, बूंदी एवं लड्डू के नमूने लिए गए। पीयूष मिष्ठान भंडार पर भी एक्सपायरी डेट के 32 बोतल पेय पदार्थ मौके पर ही नष्ट करवाए गए।

तिजारा में मिठाई की दुकान पर जांच करते डीएलएसए सचिव अजीत कुड़ी एवं टीम अधिकारी।

इसी क्रम में घीसाराम बलबीर मिठाई की दुकान से रसगुल्ले का नमूना लिया गया। वहीं मुख्य बाजार स्थित दीप चिराग स्वीट्स भंडार से नारियल बर्फ एवं मिशुर पाक के नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान दुकान पर सुरक्षित पैकिंग में रखे मिठाई के पैकेटों पर मैन्युफैक्चरिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट अंकित नहीं पाई गई, जिस पर संचालक को सख्त हिदायत दी गई।

> ■ मिठाईयों के सैंपल लिए, घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर भी सख्त हिदायत

इस निरीक्षण की कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों के उपयोग पर भी कार्रवाईकी गई।निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किए जाने की जानकारी सामने आई। इस पर रसद विभाग की ओर से संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सचिव अजीत कुड़ी ने साफ कहा है अभियान का उद्देश्य खाद्य पदार्थों में मिलावट पर रोक लगाना, उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना तथा खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी नियमों की पालना सुनिश्चित करना है। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेमंत कुमार, पैरालीगल वालंटियर्स एवं पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

सार-समाचार

निवाई में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बाल मेला आयोजित

निवाई । पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शहर के बाल वाटिका एवं आंगनवाड़ी के पूर्व प्राथमिक शिक्षा के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं प्रोत्साहन हेतु बाल मेला का आयोजन किया गया। मेले की शुरुआत में नन्हे-मुन्ने बच्चों के उत्साह व कलरव से पूरा विद्यालय प्रांगण गुंजायमान हो उठा। मेले का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजेश गुर्जर, देवेंद्रपाल सिंह, सुरेश गुर्जर, हजारीलाल बैरवा व प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने फीता काटकर किया। मेला प्रभारी सुमन विजयवर्गीय ने बताया कि मेले में नन्हे विद्यार्थियों के लिए विविध प्रकार के आयोजन किए गए। जिसमें बच्चों द्वारा सजाई गई मनोरंजक खेलकूद एवं स्वादिष्ट व्यंजनों की स्टॉल्स आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। मेले में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने अपनी तोतली बोली व आत्मविश्वास के साथ कविता पाठ किया। मेले के समापन सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा व विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने वाले अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। बाल मेले में शहर के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व विभिन्न विद्यालयों के मेंटर टीचर मौजूद थे।

सांभर में नवरात्र पर कार्यक्रम आयोजित

सांभरझील। यहां प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की तरफ से नौ देवियों की जीवंत झांकियों का नवरात्रि के अवसर पर विशेष आयोजन रखा गया। संस्था की बहनों द्वारा धारण किये गए नौ देवियों के चैतन्य स्वरूप को देखने के लिए काफी तादाद में श्रद्धालु देर तक जुटे रहे। इस दौरान वातावरण भक्तिमय हो उठा, एक ही ध्यानस्थ मुद्रा में स्थिर बैठी बहनों की एकाग्रता में मां के विभिन्न स्वरूपों को देख लोग भाव विभोर हो गए। ध्यान और योग के महत्व को जीवंत झांकियां के माध्यम से लोगों ने समझा। इस अवसर पर आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से संस्था के वरिष्ठ वक्ताओं व विशेषज्ञों ने आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनावमुक्त रहने, पारिवारिक जीवन में सौहार्द बनाए रखने और आंतरिक शांति प्राप्त करने के व्यावहारिक गुर बताए। प्रदर्शनी में दर्शाए गए राजयोग और नैतिक मूल्यों के सिद्धांतों ने युवाओं और बुजुर्गों दोनों को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी आगंतुकों को महाप्रसाद एवं सकारात्मक जीवनशैली पर आधारित ज्ञान साहित्य भेंट किया गया।

कर्मचारी सुंक्त महासंघ ने कर्मचारियों के बकाया भुगतानों को लेकर ज्ञापन दिया

टोंक। राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने राज्य कर्मचारियों के समर्पित उपार्जित अवकाश के बकाया भुगतान तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समस्त वैधानिक लाभों के त्वरित निस्तारण की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में महासंघ के जिलाध्यक्ष जसवंत सिंह नरूका एवं जिला मंत्री चौथमल चन्देल के नेतृत्व में जिला कलेक्टर टोंक के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि कर्मचारियों को प्रतिवर्ष नियमानुसार समर्पित उपार्जित, अवकाश का नगदीकरण अप्रैल माह के वेतन के साथ देय होता है, लेकिन वित्तीय वर्ष के 6 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इसका भुगतान नहीं किया गया है। इसके अलावा, सेवानिवृत्त कार्मिकों को जीपीएफ, राज्य बीमा, पेंशन कम्यूटेशन, पीएल नगदीकरण और ग्रेच्युटी के भुगतान में 8 से 10 माह की देरी हो रही है, जिससे बुजुर्ग कार्मिकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। महासंघ ने आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए सरकार से तीन दिन के भीतर सभी बकाया भुगतानों का निस्तारण करने का अनुरोध किया है। समाधान न होने की स्थिति में संगठन ने चरणबद्ध आन्दोलन की चेतावनी दी

शातिर मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, चोरी की चार बाइक बरामद

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देशन में टोंक शहर में आये दिन हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर कार्यवाही करते हुए थानाधिकारी भंवरलाल वैष्णव के नेतृत्व में गठित टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस की जानकारी के अनुसार मामला गत 7 अक्टूम्बर को परिवादी शब्बीर पुत्र सलाउद्दीन की मोटरसाईकिल जो जनाना अस्पताल टोंक की पार्किंग में खड़ी कर अस्पताल में चला गया और करीब एक घंटे बाद लौटने पर मोटरसाइकिल उसके गायब मिली। जिसके बाद उसने अज्ञात चोर के खिलाफ कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज कराया। घटना को गमभीरता से लेते हुए कोतवाली थानाधिकारी ने टीम गठित कर कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए टीम ने अस्पताल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज और अन्य संसाधनो से मिली जानकारी के अुनसार आरोपी जसवंत पुत्र भंवरलाल कोली उम्र 32 साल निवासी कोली मोहल्ला देवगांव थाना केकड़ी जिला अजमेर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी भीड़भाड़ वाली जगहों पर पहले रेकी कर जैसे ही कोई व्यक्ति अपनी बाइक खड़ी कर अंदर जाता या कुछ दूर चला जाता, आरोपी उस पर नजर रखता था। इसके बाद मास्टर चाबी से लॉक खोलकर या तोड़कर मोटरसाइकिल चोरी कर ले जाता था।

मनोहरपुर में पुलिस का पैदल मार्च

मनोहरपुर । आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से मनोहरपुर में पुलिस की ओर से पैदल मार्च निकाला गया। मार्च के दौरान पुलिसकर्मियों ने प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।मुख्य बस स्टैंड से लेकर प्रमुख मार्ग सेय्यद बाबा मार्किट, गाँधी चौक बाजार बंगाली मोहल्ला कुमावत मोहल्ला पैदल मार्ग निकाला गया। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय बनाए रखना, असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखना तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। पैदल मार्च के जरिए पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। त्योहारों के दौरान बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस की सक्रियता महत्वपूर्ण है। पैदल मार्च के माध्यम से पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। साथ ही आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया।